# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–04 फरवरी 2025 सान्ध्य समाचार

भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने आज प्रयागराज के महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई। उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे। एक रिपोर्ट–

***भूटान नरेश आज सुबह प्रयागराज पहुंचे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ त्रिवेणी संगम पर आरती की। उन्होंने संगम घाट पर नाव की सवारी की और साइबेरियन पक्षियों को भी दाना डाला। इसके अलावा उन्होने प्रयागराज में अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर का दर्शन किया। वहीं डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र के माध्यम से, आधुनिक तकनीक के जरिए, महाकुंभ की गहराई को भी समझा। भूटान नरेश का यह दौरा, भारत–भूटान की मित्रता एवं सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी, समाचार प्रयागराज।***

भूटान नरेश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रयागराज महाकुंभ की आरती में भी शामिल हुए। इस मौके पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और नंद गोपाल गुप्ता नंदी भी उपस्थित रहे।

**********

बसंत पंचमी पर्व के साथ ही मथुरा जिले सहित पूरे ब्रजमंडल में चालीस दिनों का फाग महोत्सव शुरू हो गया है। जिले के वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव और बलदेव सहित सभी प्रमुख मंदिरों में पारम्परिक तरीके से यह उत्सव मनाया जा रहा है। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में कल ठाकुर बांके बिहारी को गुलाल लगाने के साथ शुरू हुआ यह महोत्सव देश विदेश के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है।

**********

वाराणसी में काशी तमिल संगमम का तीसरा चरण पंद्रह फरवरी से शुरू होगा। प्रशासन ने इसके लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। आयोजन को लेकर जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने कल आयोजित बैठक में सभी आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से प्रतिभागियों के ठहरने वाले होटलों का शीघ्र सत्यापन करवाने और भोजन का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कहा। काशी तमिल संगमम का तीसरा चरण चौबीस फरवरी तक चलेगा।

**********

मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां सभी मतदान स्थलों पर पहुंच गई हैं। वहां कल तीन लाख सत्तर हजार आठ सौ उन्तीस मतदाता दस प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगें। प्रस्तुत है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***अयोध्या के मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए राजकीय इंटर कॉलेज से 414 बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों पहुंच चुकी है कल शाम प्रचार समाप्त होने के बाद से दोनों प्रमुख दल के कार्यकर्ता घर–घर संपर्क कर रहे हैं अब देखना होगा कि कल सुबह सात बजे से लेकर शाम पांच बजे तक का मतदान और 8 फरवरी की मतगणना किसे जीत का सेहरा पहनाती है,फिलहाल निर्वाचन आयोग ने सख्त सुरक्षा के बीच पारदर्शी चुनाव के प्रति प्रतिबद्धता जताई है,तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।***

इस बीच, उपचुनाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने कल सुबह सात बजे से शाम साढे छह बजे तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगा दिया है।

**********

मऊ जिले के प्रभारी मंत्री और प्रदेश सरकार में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव ने आज जिले का दौरा किया। उन्होंने निर्माणाधीन आईटीआई वर्कशॉप और जिला अस्पताल के इमर्जेंसी वार्ड का निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री ने अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली।

**********

फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के मामले में जौनपुर जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। यह जानकारी वहां के जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र ने दी। फार्मर रजिस्ट्री होने से किसानों को किसान सम्मान निधि सहित अन्य सभी योजनाओं का भी पारदर्शी तरीके से लाभ मिल सकेगा।

**********

आज पूरे देश में विश्व कैंसर दिवस मनाया जा रहा है। कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, इसकी रोकथाम और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक वर्ष चार फरवरी को यह दिवस मनाया जाता है। प्रदेश के मिर्जापुर जिले के मंडल स्तरीय जिला अस्पताल में आज इस मौके पर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संदेश दिया गया कि कैंसर के शीघ्र पहचान होने और उपचार शुरू कर देने से जटिलताओं को नियंत्रित किया जा सकता है।वाराणसी जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने कहा कि समय से पता चलने पर कैंसर का इलाज आसान हो जाता है।

**********

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में अगले बारह घंटे के दौरान कहीं कहीं पर वर्षा और कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ तेज बूंदाबांदी की चेतावनी जारी की है। इस बीच, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बदायूं, मैनपुरी, फर्रुखाबाद और शामली सहित कई जिलों में आज रुक रुक कर हल्की वर्षा और बूंदा बांदी जारी रही। बारिश के कारण इन जिलों में ठंड बढ़ गई है।

**********